HAMIRPUR POLICE

कोतवाली सदर **दिनांक 06.03.2023**

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर व श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कोतवाली अंतर्गत कस्बे में पैदल गश्त/भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 06/03/2023 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस बल के साथ आगामी होली व शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत कस्बा हमीरपुर में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया साथ ही स्थानीय व्यापारियों व जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। महोदय द्वारा नगर वासियों को आगामी होली एवं शब-ए- बरात त्यौहार की शुभकामनाएं दी गई व असामाजिक तत्त्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया एवं जनमानस से आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की गई। इसके उपरांत महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के संबंध में ब्रीफ किया व जनता से अच्छे से पेश आने एवं सतर्कता से डियूटी करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।